**<u>थाना निजामाबाद / रौनापार</u>**

## युवक का अपहरण कर 25 लाख की फिरौती मांगने वाले 25000 रुपये के पुरस्कार घोषित 03 अभियुक्त पुलिस मुठभेड में घायल, 02 अन्य सहयोगियो सहित कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार; मुठभेड़ के दौरान अपहृत युवक कार की डिग्गी से सकुशल बरामद; घटना में प्रयुक्त कार अवैध असलहा व कारतूस बरामद

**पूर्व की घटना-**

दिनांक 17.09.2023 को वादी हसन रजा पुत्र अली अब्बास निवासी- वार्ड नम्बर-20, नसीरपुर नगर पालिका परिषद बिलरियागंज, जनपद- आजमगढ़ द्वारा थाना निजामाबाद पर तहरीर दिया गया कि मेरा पुत्र मो० ताहिर अपने इनोवा गाड़ी से (किराये पर) शहनाज उर्फ सन्नो पत्नी मो० हफीज ग्राम गुलवा गौरी को लेकर उसके बड़े अब्बू की लड़की गुड़िया पत्नी अशरफ के घर ग्रामसभा- चकीया, थाना- निजामाबाद लेकर गया था वहां पहुंचने के बाद गाड़ी मौके पर मौजूद थी और मेरा पुत्र मो० ताहिर वहां से लापता था। वादी के फोन पर बार-बार एक नम्बर से फोन करके 25,00000/- रूपये की मांग की जा रही थी तथा रात 10 बजे तक पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इस सूचना पर थाना निजामाबाद पर मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई।

➡ विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्ता शहनाज उर्फ सन्नो पुत्नी अब्दुल हाफिज निवासी गुलवा गौरी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ ने अपने साथी शाहकमर पुत्र सुहैल निवासी बनारपुर थाना देवगांव आजमगढ़ मिलकर ताहिर पुत्र हसनरजा निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनायी। इस योजना में शाहकमर का दोस्त अलीशेर पुत्र जौव्वाद निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज आजमगढ़, शिवम यादव पुत्र लालधर यादव निवासी महुलाडांडी थाना रौनापार आजमगढ़, रामआशीष यादव पुत्र बुद्धिराम यादव निवासी सिवान कुड़वा थाना रौनापार, मो0 फैसल पुत्र अबुल कैश निवासी कजराकौल थाना फूलपुर आजमगढ़ के साथ मिलकर योजना के मुताबिक ताहिर की इनोवा कार बुक करके शहनाज की चचेरी बहन शमशीदा उर्फ गुडिया निवासी चकिया थाना निजामाबाद आजमगढ़ के घर कार से पहुचाने के लिये तय किये।

➡ योजना के मुताबिक शहनाज उर्फ सन्नो और अलीशेर, ताहिर के गाड़ी से दिनांक 17.09.2023 को समय 11 बजे बिलरियागंज से चकिया निजामाबाद के लिये प्रस्थान किये तथा स्विफ्ट डिजायर कार से शाहकमर, शिवम यादव, रामआशीष और मो0 फैसल उनका पीछा करके चकिया तक आये। गुड़िया के घर पर पहुंचकर शहनाज ओर अलीशेर घर के अन्दर चले गये तथा ताहिर को उसके कार के पास ही रहने को कहा । कुछ देर बाद शाह कमर अपने साथियों के साथ आकर ताहिर को तमंचे की नोंक पर अपहरण कर अपनी कार से लेकर फरार हो गये तथा प्रतिबंधित एप्प mabrook plazma के माध्यम से इंटरनेट कालिंग करके ताहिर के पिता हसनरजा से 25,00000/- रुपये की फिरौती का मांग किये ।

**गिरफ्तारी का विवरण-**

दिनांक 21-09-2023 को थाना प्रभारी निजामाबाद को सुचना प्राप्त हुयी कि थाना निजामाबाद क्षेत्रान्तर्गत हुयी अपहरण की घटना में शामिल अभियुक्त कही भागने की फिराक में आजमगढ़ रोडवेज पर मौजूद है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निजामाबाद मय हमराह द्वारा आजमगढ़ रोडवेज से सायं समय करीब 16:50 बजे महिला अभियुक्ता सहनाज उर्फ सन्नो पत्नी अब्दुल हाफिज निवासिनी गुलवा गौरी थाना बिलरियागंज व अलिशेर पुत्र जब्बार निवासी नसिरपुर थाना बिलरियागंज को गिरफ्तार किया गया।

➡ इसी क्रम में दिनांक 22-09-2023 को थाना प्रभारी निजामाबाद को मुखबीर से सुचना मिली कि अपहरण की घटना में शामिल अभियुक्त अपहृत को लेकर कार से कही जा रहे है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निजामाबाद द्वारा असनी पुलिया थाना क्षेत्र निजामाबाद के पास घेराबन्दी करके कार को रोकने का प्रयास किया गया। भागने मे असफल होने पर कार सवार अभियुक्तो द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से लगातार फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही के दौरान कार सवार 02 बदमाश घायल हो गये तथा सहयोगी 02 अभियुक्त फायरिंग करते हुये मौके से फरार हो गये।

➡ घायल बदमाशो की पहचान 1. शिवम यादव पुत्र लालधर यादव निवासी महुलाडाढी थाना रौनापार (बाये पैर मे घुटने के निचे गोली लगना) 2. रामआशिष पुत्र बुद्धिराम निवासी सिवान, कुडवां थाना रौनापार (दाहिने पैर मे घुटने के निचे गोली लगना) के रुप में हुयी। मौके से बरामद कार की तलाशी के दौरान डग्गी से अपहृत मो० ताहिर को हाथ पैर व मुंह बँधे हुये दशा में सकुशल बरामद किया गया। अभियुक्तो को समय करीब 02:40 बजे गिरफ्तार कर उपचार हेतू जिला चिकित्सालय भेजा गया।

**जिसके क्रम में (थाना रौनापार पुलिस मुठभेड)**

➡ दिनांक 22-09-2023 को थाना प्रभारी रौनापार को मुखबीर से सुचना मिली कि अपहरण की घटना में शामिल अभियुक्त कही जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी रौनापार द्वारा परसियां मठियां थाना क्षेत्र रौनापार के पास घेराबन्दी चेकिंग के दौरान सामने से आ रही मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया जिसमें अभियुक्त द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त के दाहिने पैर मे गोली लगी। जिसकी पहचान मु0 फैसल पुत्र अबुल वैस निवासी कजराकोल थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रुप में हुयी। अभियुक्त को समय करीब 08:15 बजे गिरफ्तार कर उपचार हेतू सीएचसी भेजा गया।

➡ पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि निजामाबाद थानाक्षेत्र से अपहृत युवक को कार से लेकर जा रहे थे उसी दौरान पुलिस मुठभेड़ में शिवम और रामआशिष गिरफ्तार हो गये तथा मै और शाहकमर पुत्र सुहैल निवासी बनारपुर थाना देवगांव आजमगढ़ रात होने के कारण मौके से फरार हो गये थे।

**<u>बरामदगी-</u>**

घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार, 02 तमन्चा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस **(थाना निजामाबाद से)**

01 तमन्चा 315 बोर, 02 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व मोटर साइकिल **(थाना रौनापार से)**

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 410/23 धारा 307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना निजामाबाद। **(थाना निजामाबाद पर)**

मु0अ0सं0 310/2023 धारा 307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रौनापार।**(थाना रौनापार पर)**

**<u>अपराधिक इतिहास-</u>**

**1. रामआशीष पुत्र बुद्धिराम साकिन सिवान कुड़वा थाना रौनापार जनपद आजमगढ़**

i- मु0अ0सं0 200/2022 धारा 307,323,325,427,452 भादवि थाना रौनापार जनपद आजमगढ़

ii- मु0अ0सं0 410/23 धारा 307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना निजामाबाद।

iii- मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 थाना निजामाबाद। **(25 हजार इनाम घोषित)**

**2. शिवम यादव पुत्र लालधर यादव साकिन महुला डांडी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़**

i-मु0अ0सं0 239/2022 धारा 504/506 भादवि0

ii- मु0अ0सं0 241/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रौनापार जनपद आजमगढ़

iii- मु0अ0सं0 410/23 धारा 307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना निजामाबाद।

iv- मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 थाना निजामाबाद। **(25 हजार इनाम घोषित)**

**3. अलीशेर पुत्र जौव्वाद निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़**

i- मु0अ0सं0 873/2007 धारा 147/323/325/452/506 भादवि

ii- मु0अ0सं0 629/2006 धारा 147/148/149/323/325/352/395/427/435/504/506 भादवि थाना बिलरियागंज आजमगढ़

iii- मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 थाना निजामाबाद।

**4. मु0 फैसल पुत्र अबुल वैस निवासी कजराकोल थाना फूलपुर आजमगढ़।**

i- मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 थाना निजामाबाद।

ii- मु0अ0सं0 310/2023 धारा 307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रौनापार।

iii- मुं.अ.सं. 407/23 धारा 364-A भादवि0 थाना निजामाबाद। **(25 हजार इनाम घोषित)**

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तो के नाम पता-</u>**

1. सहनाज उर्फ सन्नो पत्नी अब्दुल हाफिज निवासिनी गुलवा गौरी थाना बिलरियागंज।

2. अलिशेर पुत्र जब्बार निवासी नसिरपुर थाना बिलरियागंज।
3. शिवम यादव पुत्र लालघर यादव निवासी महुलाडाढी थाना रौनापार। **(थाना निजामाबाद पुलिस मुठभेड़)**
4. रामआशिष पुत्र बुद्धिराम निवासी सिवान, कुडवा थाना रौनापार। **(थाना निजामाबाद पुलिस मुठभेड़)**
5. मु0 फैसल पुत्र अबुल वैस निवासी कजराकोल थाना फूलपुर आजमगढ़। **(थाना रौनापार पुलिस मुठभेड़)**

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

1. थानाध्यक्ष सच्चिदानन्द यादव थाना निजामाबाद, आमजगढ
2. व0उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना निजामाबाद आजमगढ़
3. उ0नि0 विपिन कुमार सिंह थाना निजामाबाद आजमगढ़
4. हे0का0 यशवंत सिंह सर्विलांस सेल आजमगढ़
5. हे0का0 संजय सिंह सर्विलांस सेल आजमगढ़
6. का0 सौरभ पाल थाना निजामाबाद आजमगढ़
7. का0 अमित यादव थाना निजामाबाद आजमगढ़
8. का0 सत्यम सिंह थाना निजामाबाद आजमगढ़
9. म0का0 शालू यादव थाना निजामाबाद आजमगढ़
10. हे0का0 प्रदीप पाण्डेय थाना निजामाबाद आजमगढ़
11. का0 अजय कुमार सिंह थाना निजामाबाद आजमगढ
12. का0 अजय कुमार जायसवाल थाना निजामाबाद आजमगढ़
13. **थाना प्रभारी रौनापार संजय कुमार सिंह मय हमराह थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।**